**मंगलवार**
23 मई 2023



पृष्ठ 4
**परफ्यूम लगाने के लिए अपनाएं ये तरीके, दिनभर महक रहेगी बरकरार**



पृष्ठ 5
**लुक की वजह से स्कूल में ट्रोल होती थीं सनी लियोनी**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 111
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो।
— अज्ञात

# बैंक नहीं बदल रहे हैं नोट

विशेष संवाददाता

देहरादून। भले ही आरबीआई द्वारा दो हजार के नोट बदलने के लिए स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई है लेकिन राजधानी दून से लेकर तमाम अन्य क्षेत्रों से इस तरह की खबरें आ रही है कि बिना पर्ची (फार्म) भरे कोई भी बैंक नोट बदलने को तैयार नहीं है। जो आरबीआई की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन है।



उल्लेखनीय है की तीन-चार दिन पूर्व आरबीआई द्वारा क्लीन नोट पॉलिसी का हवाला देते हुए दो हजार के नोट की छपाई बंद करने और चलन में जारी नोटों को बदलने की घोषणा करते हुए कहा गया था कि जिन लोगों के पास दो हजार के नोट हैं वह लोग एक दिन में 10 नोट किसी भी बैंक की शाखा में जाकर 23 मई से 30 सितंबर तक बदल सकते हैं या अपने खाते में जमा करा सकते हैं। जिसके लिए उन्हें किसी पहचान पत्र या फार्म (पर्ची) भरने की जरूरत नहीं होगी। तय तारीख 23 मई से पूर्व इस गाइडलाइन को लेकर उपजे कई सवालों का जवाब देने के लिए कल आरबीआई के गवर्नर द्वारा प्रेस वार्ता भी की गई थी जिसमें उन्होंने साफ कहा था कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी आईडी और फार्म के कल से यानी (आज) से 10 नोट बदल या जमा कर सकता है। आज जब यह प्रक्रिया शुरू हुई तो देखने में आया कि तमाम बैंक बिना फार्म भरे नोट बदलने को तैयार नहीं है उनका कहना है कि उन्हें भी बैंकिंग सिस्टम व नियमावली के अनुसार काम करना है और आरबीआई को ब्यौरा देना है कि कहां से इतने नोट वापस आए।

**❑आरबीआई की गाइडलाइन का उल्लंघन, आम आदमी हो रहा है परेशान**

'दून वैली मेल' सांध्य दैनिक के एक पत्रकार द्वारा जब इसका रियल्टी टेस्ट किया गया तो पाया कि न तो यूनियन बैंक और न ही एण्ड के बैंक और न करूर वैश्य बैंक नोट बदलने को तैयार हैं इन सभी बैंकों में नोट बदलने को कहा गया तो उन्होंने एक फार्म भरने की बात कही। बैंक कर्मियों से जब आरबीआई की गाइडलाइन की बात कही गई तो शाखा प्रबंधकों द्वारा अपनी बैंक नियमावली का हवाला देकर कहा गया कि उन्हें भी इसका जवाब देना होता है कि यह नोट कहां से आया। आरबीआई द्वारा दी गई इस व्यवस्था में कहा झोलझाल है यह तो आरबीआई ही जाने लेकिन इस प्रक्रिया में आम आदमी को फिर 2016 की नोटबंदी की तरह दिक्कतें पेश आ रही है।


# टैक्टर ट्राली की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो की मौत, एक घायल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर जहां स्कूटी चालक व उनके पीछे बैठे पांच साल के बच्चे की मौत हो गयी वहीं स्कूटी पर सवार 5 वर्षीय बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का कारण बनी ट्रैक्टर ट्राली अवैध खनन कारोबार से जुड़ी बतायी जा रही है जिसके खिलाफ ग्रामीणों द्वारा हंगामा काटा गया है।

जानकारी के अनुसार भिक्कमपुर चौकी के टांडा भागमल निवासी कृष्णकांत शर्मा (45) पास के भोगपुर गांव में प्राइवेट स्कूल चलाते हैं। आज सुबह वह अपनी बेटी श्रुति व पड़ोसी जसवंत पुत्र बंटी को स्कूटी पर बिठाकर स्कूल के लिए निकले। रास्ते में खनिज सामग्री से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में कृष्णकांत शर्मा सहित एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि बच्ची गम्भीर रूप से घायल है।

उधर, ट्रैक्टर चालक अपने वाहन को वहीं छोड़कर भाग गया। आसपास के ग्रामीणों ने घायल बच्ची को अस्पताल



भेजा गया जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। सूचना पर पुलिसबल लेकर पहुंचे लक्सर कोतवाल अमरजीत सिंह ने लोगों से घटना की जानकारी ली। इस दौरान टांडा भागमल से सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए, तथा 24 घंटे अवैध खनन के ओवरलोड वाहन गांव से होकर गुजरने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर उन्हें शांत किया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। दुर्घटना का जिम्मेदार ट्रैक्टर भी टांडा भागमल का ही बताया गया है। इसे देखते हुए गांव में पुलिस तैनात की गई है।

# आर्केस्ट्रा संचालकों के यहां छापेमारी में 25 से अधिक नाबालिग लड़कियां बरामद

छपरा। छपरा में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 25 से अधिक नाबालिग लड़कियों को बरामद किया है। ये छापेमारी आर्केस्ट्रा संचालकों के यहां हुई है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय बाल कल्याण आयोग को ये शिकायत की गई थी कि उनके परिवार के दो लड़कियों को अपहरण करके बंगाल से बिहार लाया गया उनसे जबरदस्ती अश्लील नृत्य कराया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने कई



संचालकों को भी हिरासत में लिया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम, बाल कल्याण आयोग की टीम, रेस्क्यू फाउंडेशन दिल्ली की टीम, गौरा पुलिस छपरा पुलिस लाइन से आये बल के द्वारा यह छापेमारी अभियान चलाया गया है। राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष के संज्ञान में आने के बाद बाल कल्याण समिति के टीम द्वारा छापेमारी की गई है। जिसमें अपहरण की गई दोनों ही लड़कियों को बरामद कर लिया गया परिवार को सूचित कर दिया गया है। इसके साथ ही अन्य आर्केस्ट्रा संचालको के यहां भी छापेमारी की गई।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 1 जून तक बढ़ी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर कोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल में बंद मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 1 जून तक बढ़ा दिया है।

आम आदमी पार्टी की सत्ताधारी सरकार द्वारा नई आबकारी नीति लागू करने के मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मनीष सिसोदिया कई महीनों से जेल में बंद है। इस बीच अदालत ने अभी उन्हें । जून तक और जेल में रहने का आदेश दिया है। ये आदेश मनीष सिसोदिया के लिए निराशाजनक है। हालांकि, कोर्ट ने पूर्व मंत्री की सुविधा के लिए जेल प्रशासन को यह आदेश दिया है कि उन्हें जेल में टेबल और कुर्सी



मुहैया कराई जाए ताकि पूर्व मंत्री अपना अध्ययन कर सके।

दरअसल, मंगलवार, 23 मई को मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो चुकी थी। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत को फिर से बढ़ा दिया है। मालूम हो कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम इस समय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। इस मामले में मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी के साथ-साथ सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में मनीष सिसोदिया न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद है। बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर 31 मार्च को सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया इस मामले में आपराधिक साजिश के प्रथम दृष्टा में सूत्रधार थे और उन्होंने दिल्ली सरकार में अपने और अपने सहयोगियों के लिए लगभग 90 से 100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# उड़ रहे नोट गुलाबी

खबर आई थी सरकार ने अभी 2016 में नोटबंदी के बाद जिस दो हजार के गुलाबी नोट को लाया गया था उसे चलन से बाहर किया जा रहा है जिन लोगों के पास भी यह गुलाबी नोट है वह 30 सितंबर तक 10 नोट हर रोज (20 हजार रूपये) किसी भी बैंक में जाकर बिना किसी पहचान पत्र और पर्ची के बदलवा सकते हैं। जैसा कि सभी को पता है कि यह गुलाबी नोट जिस भी पूंजीपति या धन्ना सेठ के हाथ में पहुंचा उसी की तिजोरी में कैद हो गया। सालों से यह नोट गाहे-बगाहे ही दिख रहा था। इस गुलाबी नोट ने अपनी छपाई के बाद ही ऐसी उड़ान भरी कि आम आदमी को इसके अब दर्शन भी दुर्लभ हो चुके थे। नोट को चलन से बाहर होने की खबर आई तो एक बार फिर इस गुलाबी नोट ने उड़ान भरनी शुरू कर दी। भले ही इस को बैंकों में बदलने की प्रक्रिया आज से शुरू हुई हो लेकिन जिनकी तिजोरियां इस गुलाबी नोट से भरी पड़ी थी उन्होंने नोटों के बंडल लेकर सर्राफा बाजार की दौड़ शुरू कर दी। जो नोट देखने को नहीं मिल रहा था उसे लेकर हर कोई वह आदमी जिसके पास दो चार भी नोट थे उन्हें लेकर खरीदारी करने निकल पड़ा। जिसे किसी का छोटा या बड़ा भुगतान करना हो अब डील सिर्फ गुलाबी नोट से ही हो रही है। आरबीआई के इस फैसले को लेकर तमाम तरह की शंकाएं आशंकाएं स्वाभाविक है क्योंकि आज के इस डिजिटल युग में कोई भी बैंक में लेनदेन बिना किसी पहचान (आईडी) या लिखा पढ़ी के संभव नहीं है यही कारण है की इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने से लेकर कल इस पर साफ सफाई देने मीडिया के सामने आये आरबीआई के गवर्नर ने भी यह नहीं बताया कि 30 सितंबर के बाद यह गुलाबी नोट लीगल टेंडर होगा या नहीं। उनका भी यही कहना था कि अभी यह गुलाबी नोट लीगल टेंडर है लेकिन सरकार ने इसे 2019 में ही छापना बंद कर दिया था। जब सरकार ने इस गुलाबी नोट को छापना बंद कर दिया है तो यह साफ है कि 30 सितंबर को न सही लेकिन इसके बाद इसे कभी भी इनलीगल टेंडर घोषित किया जा सकता है। उनसे जब यह नोट छापने व बंद करने पर सवाल पूछा गया तो उनका कहना था कि इस गुलाबी नोट को किसी खास उद्देश्य के लिए लाया गया था। अब यह समझ पाना किसी के लिए भी बहुत मुश्किल है कि वह खास उद्देश्य क्या था? इसे सिर्फ आरबीआई के गर्वनर या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही जान सकते हैं। 2019 के चुनाव से पूर्व जिस तरह अचानक प्रधानमंत्री ने देश की करेंसी को इनलीगल घोषित कर दिया था और इसे काला धन को समाप्त करना उद्देश्य बताया गया ऐसा ही कोई उद्देश्य इस गुलाबी नोट को छापने और अब वापस लेने के पीछे भी हो सकता है। 2016 की नोटबंदी को काले धन को सफेद करने के लिए जाना जाता है क्योंकि चलन में जितनी करेंसी थी उससे भी अधिक बैंकों में वापस जमा हो गई थी लोग पूछते रहे कि काला धन कहां गया लेकिन इसका जवाब आज तक किसी को नहीं मिल सका है। इस दो हजार के नोट के रूप में किसी के भी पास अगर 10-20 करोड़ का काला धन जमा है तो वह 30 सितंबर तक बड़ी आसानी से इसे व्हाइट मनी में तब्दील कर आ सकता है और अगर किसी बैंक में सांठगांठ है जैसा कि 2016 में देखा गया था तो फिर यह काम और भी आसानी से हो जाना तय है। 2024 के चुनाव से पहले इस गुलाबी नोट की उड़ान राजनीति में क्या गुल खिलाएगी और अर्थव्यवस्था को किधर ले जाएगी यह आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल तो आप इस गुलाबी नोट की अंतिम उड़ान को सिर्फ देखिए।

# प्रतिस्पर्धा यदि अच्छे कार्यों के लिए हो तो सामाजिकता की जड़ें गहरी होती हैं: प्रो. उभान

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। नैतिकता, ज्ञान और अच्छी आदतों के विकास और विस्तार के लिए तुलनात्मक प्रतिस्पर्धा आवश्यक है, इससे जीवन की गुणवत्ता का स्तर उच्च होता है । उक्त वक्तव्य प्रोफेसर आर के उभान ने छात्रों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा यदि गलत आदतों के लिए हो तो समाज नष्ट हो जाता है और अच्छे कार्यों के लिए हो तो सामाजिकता की जड़ें गहरी होती है जिससे उन्नत समाज का निर्माण होता है।

विदित हो कि आज सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय की एंटी ड्रग्स सेल द्वारा नशा मुक्त उत्तराखंड विषय के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही जी-20 और वाई-20 के विभिन्न पहलू पर भी कार्यक्रम में चर्चा की गई।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों ने नशा मुक्ति के लिए वैचारिक मंथन के साथ अपने सृजनात्मक विचार उपस्थित जनों के समक्ष रखें।

छात्रा राखी ने स्वास्थ्य खर्चों पर निवेश किए जाने का विचार रखा। वही





मनीषा चमोली ने अपने संबोधन में नशे की गिरफ्त में फंसती युवा पीढ़ी में मानव मूल्य और नैतिकता के अभाव को प्रमुख कारण बताया, छात्रा निधि कोठियाल ने स्वस्थ समाज के लिए नशे को सामाजिक प्रतिबंधों के साथ जोड़ने की वकालत की।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की छात्र परिषद ने भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम प्रमुख तौर पर शामिल रहा। भाषण प्रतियोगिता में मनीषा चमोली प्रथम निधि कोठियाल द्वितीय एवं राखी गैरोला तृतीय स्थान पर रही वहीं विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सूरज खत्री, राखी गैरोला एवं आकाश खत्री क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे इससे पूर्व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ प्राचार्य उभान द्वारा किया गया इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की छात्र परिषद पदाधिकारियों को पदक तथा प्रतिस्पर्धा में स्थान प्राप्त छात्रों को ट्राफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में एंट्री ट्रक सेल की नोडल अधिकारी डॉ नूपुर गर्ग प्राध्यापको में डॉ सूचना सचदेवा , डॉआराधना सक्सेना, डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल, डॉ जितेंद्र नौटियाल, विशाल त्यागी आदि प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के अलावा छात्र छात्राएं विशेष रुप से मौजूद रहे।

# भाजपा सह मीडिया प्रभारी ने सम्भाला पद

संवाददाता

देहरादून। भाजपा महानगर कार्यालय में नवनियुक्त सह मीडिया प्रभारी अक्षत जैन ने महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के सानिध्य में पदभार सम्भाला।

आज यहां भाजपा महानगर कार्यालय पर नवनियुक्त सह मीडिया प्रभारी अक्षत जैन एवं प्रदीप कुमार के द्वारा महानगर मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के साथ भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल को शॉल भेंट कर मिष्ठान खिलाकर पद ग्रहण किया गया। जिसमें सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के द्वारा दोनों को बधाई दी गई और अक्षत जैन, प्रदीप कुमार ने अध्यक्ष को आश्वासन दिलाया कि पार्टी और संगठन के द्वारा भविष्य में जो भी निर्देश दिए जाएंगे वह पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन हित में करने की कोशिश करेंगे।



# ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता



देहरादून। ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी निवासी देवेन्द्र प्रसाद ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके जीजा प्रमोद बडोनी धर्मपुर चौक पर सडक पार कर रहे थे तभी तेज गति से आ रही ट्रेक्टर ट्राली ने उनको टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# लघु व्यापार एसोसिएशन का विस्तार, तस्लीम बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन का विस्तार करते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष तस्लीम अहमद को बनाया गया वहीं महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक पूनम मखन को बनाया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के मात्र संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के सातवीं बार प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत वीर संजय चोपड़ा द्वारा लघु व्यापार एसोसिएशन का विस्तार करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तस्लीम अहमद, राजकुमार एंथनी, लाल चंद गुप्ता, भूपेंद्र राजपूत, प्रदेश मंत्री धर्मपाल कश्यप, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष पंडित मनीष शर्मा, प्रदेश स्वागत मंत्री ओमप्रकाश भाटिया, प्रदेश सदस्य दिलीप गुप्ता, मोहनलाल पाल, प्रद्युमन गुप्ता, शुभम सैनी, कुंदन कश्यप, विजय गुप्ता, प्रदेश संरक्षक पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा, तेज प्रकाश साहू, डॉ. अनिल शर्मा, संजय बंसल, राजेश खुराना, जगदीश लाल पाहवा, मार्गदर्शक मंडल महेंद्र सैनी, कैलाश चौधरी, पंडित साधु चरण, जय भगवान, यामीन अंसारी को नियुक्त करते हुए, लघु व्यापार एसोसिएशन महिला मोर्चा का भी गठन किया गया। महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक पूनम मखन, सह संयोजक कामिनी मिश्रा, श्रीमती नम्रता सरकार को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठित कर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए चलाई जा रही योजना का संरक्षण दिलाने के लिए जन जागरण अभियान के साथ आगे बढ़ना होगा।



संजय चोपड़ा ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी यदि शीघ्र ही प्रस्तावित वेंडिंग जोन के कार्य प्रारंभ नहीं किए गए तो 25 मई से नगर निगम आयुक्त के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

*नक्षन्त इन्द्रमवसे सुकृत्यया येषां सुतेषु मन्दसे।*
*यथा संवर्ते अमदो यथा कृश एवास्मे इन्द्र मत्स्व॥*
(ऋग्वेद ८-५४-२)

हे मनुष्य ! तुम दूसरों के उत्तम कर्मों को देख कर आनंदित होते हो। प्रभु को यज्ञशील, इंद्रियों पर नियंत्रण रखने वाले, और भोग विलास से दूर रहने वाले मनुष्य अति प्रिय है। तुम भी प्रभु के प्रिय बनने का प्रयास करो।

O human ! You take pleasure in seeing the noble deeds of others. The person who is sacrificial, controls the senses, and stays away from luxuries is very dear to the Lord. You, too, try to be dear to the Lord. (Rig Ved 8-54-2)

# झूठी वसीयत कराने व खाते से 15 लाख निकालने पर भाई भाभी पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। झूठी वसीयत कराने व मां के खाते से 15 लाख रूपये निकालने के मामले में भाई भाभी पर मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चमन विहार निवासी अनुकान्त त्यागी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी माता श्रीमती सुशीला त्यागी शुरू से ही उसके साथ ही निवास कर रही थी। 26 जून 2020 को उसका बड़ा भाई नवनीत त्यागी मां श्रीमती सुशीला को जोर-जबरदस्ती कर अपने घर लेकर चला गया। 30 अप्रैल 2021 को उसके बड़े भाई व भाभी ने प्रार्थी की माँ से धोखे से भूमि मौजा सीडकी (हरोडा). जिला सहारनपुर, उ0प्र0 की अपने नाम विकासनगर रजिस्ट्रार कार्यालय में वसीयत दर्ज करा ली एवं इसके अलावा उसी दिन उसके बड़े भाई ने उसकी माता के खाते से अपने खाते में 15 लाख रूपये विड्राल करा लिये उसके पश्चात दिनांक 03 मई 2021 को उसकी माता का देहान्त हो गया।

उक्त घटना से यह भी प्रतीत होता है कि उसके भाई ने जानबूझकर धोखे से उसकी माँ की मृत्यु से ठीक 3 दिन पहले अपने नाम उक्त वसीयत एवं 15 लाख रूपये अपने खाते में डलवा लिये उसका भाई शुरू से ही उसकी माँ के साथ लड़ाई-झगडा व गलत व्यवहार करता था, जिस कारण उसकी माँ उसके साथ ही निवास कर रही थी। न्यायालय के आदेश पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# डीडीएस की धनराशि ना लौटाने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। को आपरेटिव सोसायटी में डीडीएस का खाता खोलने व परिपक्व होने पर रूपया ना लौटाने पर न्यायालय के अपदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लुधियाना निवासी वरिन्द्र सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह वर्ष 2020 में यहां टेक्सटाइल सेक्टर में काम करता था। तथा रजनी गुसांई देहरादून के मेहुवाला इलाके में जनशक्ति मल्टी स्टेट मल्टी परपज कोआपरेटिव सोसाइटी मेहुवाला ब्रांच में टीम हेड के रूप में कार्यरत है।

उक्त सोसाइटी बैंकिंग और फाइनेंस का कार्य करती है। 25 नवम्बर 2020 को उसने रजनी गुसांई के मेहूवाला शाखा देहरादून में डीडी एस के दो खाते संचालित किये थे। उक्त दोनों खातों की पासबुक और बण्ड की कापी भी श्रीमती रजनी गुसांई को दी गयी थी तथा उक्त दोनों खातों के बण्ड पर रजनी का नाम अंकित है। उसने श्रीमती रजनी गुस्साई की उक्त सोसाइटी में रजनी के माध्यम से खाता में एक लाख तेरह हजार रुपये एवं दूसरे खाते में मुबलिक एक लाख तेरह हजार रुपये परिपक्वता 25 मार्च 2021 तक जमा कर चुका है।

उक्त दोनों खातों की परिपक्वत्ता धनराशी कुल दो लाख सताइश हजार पांच सौ साठ रुपये है। अब वह जब भी रजनी गुसांई से अपने खातों की धनराशि मांगता है तो वह टाल मटोल करने लगती है जिससे उसको अभास हो गया कि उसके साथ धोखाधडी की गयी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सेना में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। सेना में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पानीपत निवासी अधिवक्ता राजेश कौशिक ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पिछले साल जनवरी 2022 को उसके एक जानकार दिल्ली निवासी शिवम कुमार का फोन आया कि उसका एक दोस्त एवं जानकार राम गुप्ता पुत्र सोहन लाल गुप्ता देहरादून में आर्मी ऑफिसर है और वहां पर फौज में भर्ती चली हुई है और उसके बच्चों को आर्मी में नौकरी लगवा देगा और वह देहरादून रेलवे रोड् श्याम होटल में रुका हुआ हैं और वह बच्चों के कागज एवं एडवांस 20 हजार रूपये लेकर आ जाना तो 22 जनवरी 2022 को वह अपने एक साथी मनोज कुमार को लेकर देहरादून चला गया और वह शिवम से होटल में मिले और बच्चों के कागज और 40 हजार एडवांस दो बच्चों के दे दिए। फिर उसने राम गुप्ता जो अपने आप को फौज अधिकारी बताता था, उसको फोन करके सवेरे बच्चों का मैडिकल करवाने के लिए कहा और बच्चों को देहरादून बुला लिया 2 दिन तक बच्चों का कुछ नहीं हुआ तो बच्चों को अग्रवाल धर्मशाला रेलवे रोड् में ठहराया गया। जिसके बाद उससे दो-दो लाख रूपये ओर लिये और उसके बाद से उसको टालते रहे उसने जब अपने रूपये वापस मांगे तो उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गर्मी को देखते हुए वर्क कार्यकर्ताओं ने बांटा शरबत



संवाददाता

देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नालेज के कार्यकर्ताओं ने गर्मी का ध्यान में रखते हुए लोगों को शरबत बांटा।

आज यहां वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज ,(वर्क)के कार्यकर्ताओं ने देहरादून टर्नर रोड पर गर्मी के चलते रूह अफजा का शरबत बाटने का कार्य किया। इस अवसर पर वर्क संस्था के दानिश अफजल और आरिफ वारसी ने बताया कि वर्क हमेशा से जनहित के कार्य जैसे पानी, शरबत बाटने भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना, जेल से उन लोगों की रिहाई के लिए कोशिश करना जिन लोगों को सजा पूरी होने के बाद जुर्माने न अदा करने के कारण जेलों में रहना पड़ता हैं उनकी रिहाई के बंदोबस्त कराना उनके ऊपर लगे जुर्माने के पैसे जमा करा करा कर उनकी रिहाई करना सभी धर्मो के तोहारों व खुशियों के मौकों पर उस धर्म से सम्बन्धित लोगों और सभी देशवासियों को बधाई देना उनके बीच जाकर मिठाई बांटना छब्बीस जनवरी ,पंद्रह अगस्त व दो अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर अनाथालय ,महिला आश्रम जैसे जगहों में जाकर उन लोगों के साथ खुशी मनाना, भोजन कराना व मिठाई वितरण करना शहर में अलग अलग जगहों पर पौधारोपण वृक्षारोपण करना, हॉस्पिटलों मैं जाकर मरीजों की हाल चाल पूछ उन को फल वितरण व महिला वार्डों में छोटे बच्चों को कपड़े बांटना और शहर के विभिन्न जगहों पर अलग-अलग दिवस अलग-अलग मौकों पर खाना बांटना, पानी शरबत बांटना ,मिठाई बांटना और देश के खिलाफ हो रहे आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना उसके खिलाफ आवाज उठाना इस प्रकार के कार्य बहुत लंबे समय से वर्क लगातार देश हित और जनहित में कर रहा है इसी क्रम और कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वर्क के कार्यकर्ताओं ने टर्नर रोड आई एस बी टी क्षेत्र में इस कार्य को किया जिसको हर आते-जाते जनमानस और वहां से गुजरते सभी लोगों ने सराहा और इस चिलचिलाती गर्मी में शरबत का आनंद लिया और इस कार्य को बेहतरीन कार्य बताते हुए खुशी जाहिर कर बधाई दी व हौसला अफजाई की। उन्होंने बताया कि ऐसे जन सेवा, आपसी भाई चारा,और मोहब्बत के कार्य करने से मन को शांति मिलती है सभी धर्म ऐसे कार्य करने को कहते हैं और यही सच्ची सेवा है इसी से सतयुग की शुरूआत होगी और हमारा भारत प्रेम बाटते और तरक्की करते हुए एक दिन जल्द विश्वगुरु बनेगा। इस मौके पर वर्क के दानिश अफजल, आरिफ वारस, इलियास कुरेशी, मोहम्मद फरमान, प्रभात डंडरियाल, मास्टर इब्राहीम, मास्टर उजैर, मास्टर अल्हान, परवेज, फैजान, हुसने मुबारक आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कैम्प में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया



संवाददाता

देहरादून। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य कैम्प का शुभारम्भ शमीम आलम ने रिबन काटकर किया।

आज यहां भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर यासमीन आलम खान के प्रयास से आयुष्मान भारत शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारगी के सहयोग से फ्री स्वास्थ्य कैम्प का आयोजित हुआ मुस्लिम बहुल क्षेत्र मदरसा जमालुल इस्लाम आजाद कॉलोनी, फातिमा मस्जिद माजरा नियर आईएसबीटी में मेडिकल कैंम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व हज राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार शमीम आलम ने रिबन काटकर किया। महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री रईस अंसारी ने बताया कि कैंम्प में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दवाइयां ली एवं डॉक्टर से परामर्श किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मास्टर शकील, महानगर उपाध्यक्ष शादाब अख्तर शहजाद मंत्री अनस बैग, तारीक अनवर, फुरकान बब्बू, जुनेद अदनान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफाई मजदूर संघ ने मेयर को सौंपा 14 सूत्री मांग पत्र



संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मेयर को अपना 14 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन व हडताल की जायेगी।

आज यहां अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी मेयर सुनील उनियाल गामा से मिले तथा उनको अपना 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं को निधरित हाजिरी समय में एक घंटे की अतिरिक्त छूट दी गयी है जिससे वह अपने बच्चों को स्कूल भेज सके। इसके साथ ही समस्त सफाई नायकों को हर वार्ड में एक कमरा बनाकर उपलब्ध कराया जाये जिसमें हाजिरी ली जाये एवं अपना सामान सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण मित्रों की स्वीकृत स्थाई पदों पर पूर्व की भांति दैनिक कार्यरत पर्यावरण मित्रों का समायोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि समय-समय प र अनावश्यक कारणों से अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन रोकने पर संघ इसका विरोध प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि नाला गैंग व समिति में लम्बे समय से कार्यरत कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन दिया जाये। उन्होंने चेतावनी दी है कि तीन दिनों में कर्मचारियों की इन समस्याओं का निराकरण ना होने पर नगर निगम के तीनों संघों को विवश होकर धरना प्रदर्शन, हडताल करने को बाध्य होना पडेगा जिसकी जिम्मेदार नगर निगम प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में राजेश कुमार, नेम बहादुर, सतेन्द्र कुमार, अमीरूद्दीन, नेपाल सिंह, महेन्द्र कुमार, शेखर पंत, चन्द्र पाल व मोहर कला आदि लोग शामिल थे।

# लोगों में बने हुए हैं अस्थमा से जुड़े ये प्रमुख भ्रम, जानिए इनकी सच्चाई

अस्थमा से दुनियाभर में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों की मौत होती है और इसका प्रमुख कारण इलाज में अनेदेखी करना और झूठी धारणाएं पालना है। दरअसल, अस्थमा को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जो बीमारी से ग्रस्त लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है या फिर शरीर को इसकी चपेट में लाने का कारण बन सकती हैं। आइए आज अस्थमा से जुड़े कुछ सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।

यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है कि इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी दवाइयां हैं। इनहेलर को बहुत कम खुराक में लिया जाता है और इसके कम दुष्प्रभाव होते हैं। यह लंबे समय तक उपयोग के लिए सुरक्षित है, लेकिन कई अस्थमा रोगी आज इनहेलर्स की तुलना में दवाइयां लेना ज्यादा सही समझते हैं। यह काफी हद तक अज्ञानता और इनहेलर्स के उचित उपयोग के बारे में जानकारी की कमी के कारण होता है।

कई लोग मानते हैं कि अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि इस बात की सच्चाई अलग ही है। इस बात का लगभग कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं है कि आहार से अस्थमा का इलाज या नियंत्रण किया जा सकता है। संतुलित आहार रोगियों को उनकी स्वास्थ्य स्थितियों को बेहतर करने में मदद कर सकता है, लेकिन आहार से अस्थमा का उपचार उपचार होने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले हैं।

आपका मानना भी यही है कि अस्थमा उम्र के साथ कम होता जाता है तो आप भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। भले ही अस्थमा के लक्षण कम हो जाएं, लेकिन कुछ दिनों, महीनों या वर्षों के बाद गंभीर बीमारी के रूप में सामने आ सकते हैं। अस्थमा को डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित उपचार के जरिए बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है और जीवन के किसी भी चरण के दौरान बीमारी बढ़ने से बचना महत्वपूर्ण है।

यह अस्थमा से जुड़ा सबसे आम भ्रम है कि अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए, जबकि डॉक्टर ऐसा न करने की सलाह देते हैं। एक्सरसाइज अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद करती है, लेकिन अस्थमा के रोगियों को किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज का अभ्यास करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और अपनी क्षमतानुसार ही उनका अभ्यास करना चाहिए। (आरएनएस)

# बच्चों के डायपर में हो सकते हैं 10 हजार से ज्यादा वायरस!

घर में छोटे बच्चे होने से रौनक बनी रहती है। बच्चे का खेलना, हंसना दिल को काफी सकून देते हैं। अपने बच्चे को आप डाइपर तो पहनाते ही होंगे। इससे बच्चे और खुद आपको भी सुविधा रहती है।पहले के समय में बच्चे को यूरिन के गीलेपन से बचाने के कपड़े की लंगोट पहनाई जाती थी। इसके बाद डाइपर्स का जमाना आया और अब हर मां बाप अपने को डाइपर ही पहनाते हैंलेकिन क्या आपको पता है कि हर वक्त बच्चे को बाजार के डाइपर पहनाना खुद बच्चे के लिए काफी नुकसानदेय है।

डॉक्टर बताते हैं कि बाजार में मिलने वाले डाइपर्स को लीक प्रूफ पॉलिमर से बनाया जाता है। ये पॉलिमर पर एब्जोर्बेंट होते हैं जो जल्दी सोखते हैं और इनके अंदर खुशबू वाले कैमिकल भी मिलाए जाते हैं। आपको बता दें कि नेचर माइक्रोबायोलॉजी जर्नल में छपी एक खबर में कहा गया है कि हाल में ही में हुए एक अन्तराष्ट्रीय शोध में बच्चों के इन डाइपर्स में करीब दस हजार से ज्यादा वायरस पाए गए। इनमें से 16 वायरस की पहचान तक हो गई है। यानी बच्चों को पूरे दिन डायपर पहना कर रखने वाले मां बाप बच्चों को इन खतरनाक वायरस के हवाले कर रहे हैं। इन डाइपर्स के काफी नुकसान होते हैं, इससे स्किन पर ना केवल रैशेज पड़ते हैं बल्कि अस्थमा जैसी बीमारी भी हो सकती है।

अपने छोटे बच्चे को वायरस और कई गंभीर बीमारियों से बचाने का एक तरीका है कि आप अपने बच्चे को कपड़े से बना नैपकिन पहनाएं। ये गीला तो होगा लेकिन इसकी सॉफ्टनेस से बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा। अपने घर में ही साफ और कॉटन के लंगोट बना लीजिए और कई सारे सेट रखिए ताकि बच्चा एक गीला करें तो दूसरा पहना सकें। इससे आपका बच्चा आराम भी महसूस करेगा और बीमारियों से सुरक्षित भी रहेगा। जरूरी नहीं कि बच्चे को 24 घंटे डायपर पहनाया जाए। उसे कुछ देर के लिए बिना किसी लंगोट या नैपी के छोड़ना भी उसकी सेहत के लिए काफी अच्छा होगा। इससे उसके हाथ पैर आराम महसूस करेंगे, उसके निजी अंगों को अच्छी हवा मिलेगी और उसका हाइजीन भी बढ़ेगा। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# परफ्यूम लगाने के लिए अपनाएं ये तरीके, दिनभर महक रहेगी बरकरार



खुशबूदार परफ्यूम न केवल आपको अच्छी महक देता है, बल्कि यह आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इसे लगाने के बाद आप दिनभर तरोताजा महसूस कर पाते हैं। हालांकि, कई लोगों को परफ्यूम लगाने का सही तरीका नहीं मालूम है, जिसके कारण इसकी खुशबू लंबे समय तक नहीं रह पाती। आइए आज हम आपको परफ्यूम लगाने के सही तरीके बताते हैं।

परफ्यूम लगाने से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज करना है जरूरी

ज्यादातर लोग अपनी कलाइयों पर परफ्यूम लगाकर उन्हें आपस में रगड़ लेते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परफ्यूम की खुशबू फीकी हो जाती है। दरअसल, रगड़ने से फ्रिक्शन होता है, जो इत्र को गर्म करके इसकी खुशबू को बदल देता है। इस कारण सबसे पहले अपनी त्वचा को हल्के और बिना सुगंध वाले बॉडी लोशन से मॉइस्चराइज करें और फिर लंबे समय तक चलने वाली खुशबू के लिए त्वचा पर परफ्यूम छिड़कें।

इन जगहों पर परफ्यूम स्प्रे करें

शरीर के किसी भी हिस्से पर परफ्यूम छिड़कने के बजाय पल्स पॉइंट्स पर ध्यान केंद्रित करें क्योंकि ये क्षेत्र शरीर के गर्म हिस्से होते हैं, जो अतिरिक्त गर्मी बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे स्वाभाविक रूप से पूरे शरीर में खुशबू बनी रहती है। पल्स पॉइंट्स कोहनी के अंदर का हिस्सा, कान के पीछे, घुटनों के पीछे, पेट के नीचे और कलाई के अंदर वाले क्षेत्र हैं।

नहाने के बाद परफ्यूम का इस्तेमाल करें

परफ्यूम की खुशबू को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए नहाने के तुरंत बाद परफ्यूम को स्प्रे करना चाहिए न कि घर से बाहर जाते समय। दरअसल, नहाने के बाद आपकी त्वचा मॉइस्चराइज्ड और खुले रोमछिद्रों से गर्म होती है, जिसके कारण परफ्यूम की खुशबू अवशोषित हो जाती है। हालांकि, नहाने के बाद परफ्यूम लगाने से पहले तौलिये से अपनी त्वचा को अच्छे से साफ और सूखा जरूर कर लें।

बालों पर भी परफ्यूम करें स्प्रे

पल्स पॉइंट्स के अलावा आपके बाल भी परफ्यूम की खुशबू को अच्छी तरह से लंबे समय तक बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप अपने बालों के बीच में या आखिर में बिना अल्कोहल वाला परफ्यूम स्प्रे कर सकते हैं। हालांकि, किसी भी नुकसान से बचने के लिए परफ्यूम को सीधे अपने बालों पर स्प्रे करने के बजाय हेयरब्रश पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें।

कपड़ों पर भी लगाएं परफ्यूम

परफ्यूम की खुशबू को पूरे दिन बरकरार रखने के लिए इसे अपने कपड़ों पर भी लगाना याद रखें। हालांकि, दाग से बचने के लिए परफ्यूम को रेशमी कपड़ों पर स्प्रे करने से बचें। कपड़ों पर परफ्यूम की महक त्वचा की तुलना में अलग हो सकती है और देर तक बनी रहती है। इसके अलावा अगर आप डॉयरेक्ट कपड़ों पर स्प्रे नहीं करना चाहते हैं तो हवा में परफ्यूम स्प्रे करें और फिर उसी के आसपास कपड़े को लहराएं। (आरएनएस)

# द केरल स्टोरी की धुआंधार कमाई जारी

फिल्म द केरल स्टोरी बॉक्स ऑफिस पर लगातार कमाई के झंडे गाड़ रही है। छोटे बजट की यह फिल्म सिनेमाघरों में इतना गदर मचाएगी, किसी ने नहीं सोचा था। इसकी कमाई देख हर कोई हैरान है। फिल्म ने अब 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई का आंकड़ा पार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

धर्मपरिवर्तन और आतंकवाद जैसे बेहद ही गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर बनी यह फिल्म 2023 की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 5वीं फिल्म बनी थी। इस फेहरिस्त में इसने अक्षय कुमार की सेल्फी, कार्तिक आर्यन की शहजादा और विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स तक को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है। फिल्म ने पहले दिन यानी शुक्रवार को 7.50 करोड़ रुपये का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया था।

द केरल स्टोरी को लेकर खूब बवाल मच चुका है। हालांकि, ऐसा किसी फिल्म के साथ पहली दफा नहीं हुआ है। भारतीय सिनेमा की पहली फिल्म राजा हरिश्चंद्र के साथ ही विवादों का सिलसिला शुरू हो गया था, जो आज तक जारी है।

द केरल स्टोरी में 3 महिलाओं की आपबीती सुनाई गई है, जिन्हें शादी के बाद इस्लाम कबूल करने के बाद आईएसआईएस शिविरों में तस्करी कर लाया जाता है। फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सिद्धि इदनानी और सोनिया बलानी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## शब्द सामर्थ्य -024

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सारा और विक्की कौशल की फिल्म जरा हटके जरा बचके

सारा अली खान ने अपने करियर में अक्षय कुमार से लेकर रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन जैसे कई अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें कभी विक्की कौशल के साथ नहीं देखा गया। अब जल्द ही वह फिल्म जरा हटके जरा बचके में विक्की संग इश्क फरमाती दिखेंगी। कुछ ही समय पहले फिल्म के नाम का ऐलान हुआ था, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी। सारा-विक्की की झलकियां देख प्रशंसक इसके ट्रेलर और रिलीज को लेकर उतावले हो गए हैं। एक ने लिखा, अब रिलीज को लेकर बेसब्री बढ़ गई है। एक ने लिखा, टीजर देख ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के गाने बहुत खूबसूरत होने वाले हैं। एक दूसरे फैन ने लिखा, अब और इंतजार नहीं होगा। एक ने लिखा, आपको बता नहीं सकते कि फिल्म के लिए हम कितने उत्साहित हैं। लोग टीजर पर खूब प्यार बरसा रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और निर्माता दिनेश विजान हैं। यह रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है और इसमें एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई जाएगी, जो अपने तरीके से एक घर लेने की फिराक में है। इसके लिए वह केंद्र सरकार की एक योजना का लाभ उठाना चाहता है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर सारा ने लिखा था, विश्वास नहीं होता कि यह सफर खत्म हो गया है। थैंक्यू लक्ष्मण उतेकर सर, मुझे सौम्या का किरदार देने के लिए।

विक्की ने एक लक्ष्मण उतेकर के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी हाथ मिलाया है। वह तृप्ति डिमरी के साथ एक रोमांटिक फिल्म में भी काम कर रहे हैं, वहीं फिल्म सैम बहादुर और द ग्रेट इंडियन फैमिली भी विक्की के खाते से जुड़ी हैं। दूसरी तरफ सारा फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में एक स्वतंत्रता सेनानी का किरदार निभाएंगी। वह मर्डर मुबारक और फिल्म मेट्रो इन दिनों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।

## केडी-द डेविल में रानी मचलक्ष्मी का किरदार निभाएंगी रेशमा नानैया

सैंडलवुड की अखिल भारतीय पेशकश केडी- द डेविल में लीड एक्ट्रेस को लेकर लंबे समय से चल रहे सस्पेंस को तोड़ते हुए, निर्माताओं ने आखिरकार फिल्म की प्रमुख लेडी का खुलासा किया। रेशमा नानैया को ध्रुव सरजा के साथ रानी मच्छलक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा। रेशमा ने केडी के विंटेज फोल्ड में एंटर किया, जिसमें उनका लुक काफी आकर्षक रहा।इससे पहले एक लव या, राणा और वामाना जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए देखा गया है।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, रेशमा ने कहा: रानी मच्छलक्ष्मी के बारे में सबसे अच्छी बात उनका जीवन से बड़ा व्यक्तित्व है। पोस्टर से पता चलता है कि वह मजबूत दिमाग वाली है, वह तेज-तर्रार है, और उसकी भूमिका निभाना वास्तव में बहुत अच्छा है। ह चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचकारी था। राजकुमार ध्रुव सरजा के साथ फ्रेम साझा करना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं बहुत उत्साहित हूं।1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी- द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी. रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रेम द्वारा निर्देशित और सुप्रिथ द्वारा निर्मित केडी-द डेविल प्रस्तुत करता है। अखिल भारतीय बहुभाषी फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एनिमल के पोस्टर में कुल्हाड़ी लिए क्यों दिखे थे रणबीर कपूर ? सामने आई नई जानकारी

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म की रिलीज करीब आने के साथ दर्शकों की इसको लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें आ चुकी हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा चुका है कि इस फिल्म में रणबीर का बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिलेगा। अब फिल्म से जुड़े एक दिलचस्प दृश्य की बातें सामने आई हैं।

नई खबर के अनुसार, एनिमल में रणबीर का किरदार उनके करियर का सबसे खास किरदार हो सकता है। इसमें उनका नया स्वैग देखने को मिलेगा। फिल्म के एक दृश्य में रणबीर दिल्ली की सड़कों पर कोट और लंबे बालों में चलते हुए नजर आएंगे। उनके साथ कुछ और गुंडे भी हैं। उन सभी का डेथ वारंट आने वाला है। बिना बैकग्राउंड म्यूजिक के भी यह दृश्य रोमांचक लगता है, क्योंकि निर्देशक ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है।

इस दृश्य में रणबीर काफी हिंसक होंगे। वह कुल्हाड़ी से लड़ते हुए नजर आएंगे। सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि यह एक अलग स्तर का दृश्य है। इसे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मल्टीपल कैमरा के साथ शूट किया है। साथ ही इसमें ज्यादा कट नहीं हैं। हाथ में कुल्हाड़ी लिए और सिगरेट पीते हुए रणबीर का लुक पहले ही सामने आ चुका है। सूत्रों के अनुसार, फिल्म में रणबीर 3 अलग लुक में नजर आएंगे।

फिल्म में रणबीर के अलावा अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। इसमें अनिल कपूर, रणबीर के किरदार के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं बॉबी देओल पर्दे पर विलेन बनेंगे। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। फीमेल लीड के लिए पहले परिणीति चोपड़ा को साइन किया गया था, लेकिन अमर सिंह चमकीला की बोयपिक के लिए उन्होंने इसे छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में रश्मिका की एंट्री हुई। एनिमल में पहली बार रणबीर कपूर और अनिल कपूर एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी।

## लुक की वजह से स्कूल में ट्रोल होती थीं सनी लियोनी



सनी लियोनी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साथ ही कई फिल्मों में उन्होंने कई आइटम नंबर भी किए हैं, वो बेहद ही बोल्ड और ग्लैमरस एक्ट्रेस में से एक हैं, लेकिन कई बार उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है। कुछ समय पहले उनकी जिंदगी पर बनी वेबसीरिज करनजीत कौर - द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सनी लियोनी आई थी। इस वेबसीरिज के जरिए उन्होंने अपनी पर्सनल जिंदगी से जुड़ी कई बातों को खुलासा किया है। इस वेबसीरिज में बताया गया था सनी को किस तरह स्कूल में अपने लुक को लेकर ट्रोल किया जाता है।

जी हां आपको बता दें, सनी को स्कूल में वैक्सिंग को लेकर ट्रोल किया जाता था, इस वेबसीरिज में सनी को पैरों में वैक्सिंग को लेकर ट्रोल किया जाता था। देखा जाता है स्कूल में सनी ने पैरों में वैक्सिंग नहीं कराई है, जिस कारण से उनका मजाक उड़ाया जाता है। वहीं सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है, सनी लियोनी ने खुद ये बात बताई थी कि सनी तो केवल एक ब्रांड है, जिसे लोग फिल्म, गाने या किसी फोटोशूट में देखते हैं।

सनी लियोनी ने 2012 में जिस्म 2 से एक्टिंग की शुरुआत की थी । इसके बाद वो रागिनी एमएमएस 2, वन नाइट स्टैंड, कुछ कुछ लोचा है, रईस, हेट स्टोरी 2 जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही उनके कई गाने भी रिलीज हुए हैं। वहीं उन्होंने वेबसीरिज अनामिका में भी दमदार रॉ एजेंट का रोल प्ले किया था। वह हाल ही में दुबई में एक ग्रैंड इवेंट में बतौर स्पेशल गेस्ट शामिल हुई थीं। सनी ने मंच पर रागिनी एमएमएस 2 के अपने लोकप्रिय गाने बेबी डॉल पर थिरकते हुए आग लगा दी थी। सनी लियोनी अब अनुराग कश्यप की कैनेडी में नजर आएंगी। यह 76वें वार्षिक कान फिल्म महोत्सव की ओर अग्रसर है।

## इलियाना ने ब्लैक ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



बर्फी की एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी चर्चाओं में है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही है। इलियाना ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं। उनके फैंस और करीबी दोस्तों ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उनकी दोस्त तमन्ना भाटिया, अथिया शेट्टी, शिबानी दांडेकर, नरगिस फाखरी, मारिया गोरेट्टी और अन्य ने कमेंट सेक्शन में लवस्ट्रक इमोजी सेंट किया।

बेबी बंप की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए, शिबानी अख्तर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- लव यू गर्ल सो हैप्पी फॉर यू। एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और सोफी चौधरी ने रेड हार्ट इमोजी शेयर किया। पिछले महीने, इलियाना ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।

एक्ट्रेस इन दिनों अपने गोवा वाले घर में मां के साथ समय बिता रही हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने बेबी बंप की एक फोटो शेयर की थी और लिखा था- लाइफ लेटली।

## मिस इंडिया 2023 नंदिनी गुप्ता बनेंगी वेलकम 3 की हीरोइन



राजस्थान की नंदिनी गुप्ता ने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का खिताब अपने नाम किया था। वह एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक नंदिनी के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दरअसल, सुनने में आ रहा है कि वेलकम के तीसरे भाग वेलकम 3 में उनकी एंट्री हो गई है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नंदिनी वेलकम 3 की लीड हीरोइनों में से एक होंगी। वेलकम एक बड़ी फ्रेंचाइजी है और इसके लिए निर्माताओं ने नंदिनी के नाम पर मोहर लगा दी है। फिल्म में 3 हीरोइनें होंगी, जिनमें से एक के लिए नंदिनी का नाम फाइनल कर दिया गया है। नंदिनी ने फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है, लेकिन उन्होंने अभी इसे साइन नहीं किया है। दरअसल, फिलहाल निर्माता हेरा फेरी 3 पर फोकस कर रहे हैं।

हेरा फेरी 3 के बाद निर्माता पूरी तरह से वेलकम 3 के काम पर जुटेंगे। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। इसकी कास्टिंग से जुड़ी आए दिन नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि इसमें अरशद वारसी और संजय दत्त की जोड़ी देखने को मिलेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हेरा फेरी 3 की शूटिंग जब अंतिम चरण में होगी तब या इसकी रिलीज के बाद वेलकम 3 की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

मजनू भाई से लेकर आरडीएक्स तक का नाम सुनते ही सबके दिमाग में वेलकम का नाम आता है। इस फिल्म के हर सीन ने पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया था। 2015 में आए इसके सीक्वल वेलकम बैक ने भी दर्शकों को खूब हंसाया।

जब नंदिनी से पूछा गया था कि क्या वह फिल्मों में कदम रखना चाहेंगी तो उन्होंने जवाब दिया था, बॉलीवुड में मौका मिला तो कोन नहीं जाना चाहेगा? मुझे मिला तो जरूर जाऊंगी। बता दें कि एक्टिंग करने से पहले बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों के सिर मिस इंडिया का ताज सज चुका है। इस फेहरिस्त में जीनत अमान से लेकर, संगीता बिजलानी, जूही चावला, मीनाक्षी शेषाद्रि और नम्रता शिरोड़कर जैसी कई हीरोइनों का नाम शामिल है।

19 साल की नंदिनी कोटा की रहने वाली हैं। उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री ली है। मिस इंडिया संगठन के मुताबिक, नंदिनी के लिए रतन टाटा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, रतन टाटा मानवता के लिए सब कुछ करते हैं और अपनी आय का बड़ा हिस्सा दान में देते हैं। वह हमेशा जमीन से जुड़े रहते हैं। नंदिनी को प्रियंका चोपड़ा भी प्रभावित करती हैं। प्रियंका उन्हें उनकी असंख्य उपलब्धियों के कारण प्रेरित करती हैं।

# भारतीय रुपए का अंबार रूस के काम का नहीं!

श्रुति व्यास

रूस का खजाना भारत के अरबों-खरबों रुपयों से भरा पड़ा है।और रूस रुपयों के पहाड़ से छुटकारा चाहता है। उसे अब और नहीं चाहिए भारत की लचर-सस्ती करेंसी। उसे भारत से ऐसी दूसरी करेंसी चाहिए जो मज़बूत हो। जिसे लेने में दुनिया के बाज़ार में कोई मना नहीं करें। जो उसके लड़ाई जीतने में काम आए। रूस ने साफ़ बता दिया है कि वह भारत को रुपए की जगह दूसरी करेंसी देनी होगी नहीं तो तेल नहीं मिलेगा।

इसका खुलासा पिछले दिनों गोवा में शंघाई कोऑपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों कीबैठक के दौरान हुआ। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने साफ़ शब्दों में कहा है रूस के लिए रुपयों से भरा खज़ाना मुसीबत है। इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

क्या मतलब है? मोटा मोटी यह कि भारत झूठ के अपने ही बुने जाल में फँसा है।

दिसंबर 2022 में भारत और रूस ने अपने व्यापारिक लेनदेन को रुपयों में निपटाया। यह अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड सेटलमेंट का भाग था। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद था। इस पर भारत ने बढ़-चढ़ कर हल्ला बनाया। दावा किया गया कि रूपया 'ग्लोबल करेंसी' (2023 की शुरुआत में ऐसे दावे)बनने की राह पर है।जैसे संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद् में स्थाई सीट का हल्ला स्थाई है वैसे रुपये को इंटरनेशनल करेंसी बनाना भी लम्बे समय से भारत की सरकारों का एजेंडा रहा है।यह अलग बात है कि भारत की राजनीति व आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनैतिक तनावों के चलते ये दोनों ही लक्ष्य हवाबाजी में अटके रहे है।

मगर2023 की शुरुआत में भारत में खूब हल्ला हुआ करेंसी के सपने के पूरे होने का। तब जारी आधिकारिक आंकडे में कहा गया कि देश में विदेशी पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट जो 2008 में 12 अरब डॉलर था, 2020 में 80 अरब डॉलर हो गया।व्यापार व निवेश में अवसरों के ऐसे बढ़ने से रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण हो रहा है।भारतीय अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकृत होते हुए है। वाह, क्या बात! इस पहलू पर सोशल मीडिया में भक्तों ने, मीडिया ने जनता को खूब बरगलाया। जम कर तालियाँ बजी।



और आज की असलियत। रूस ने कहा है वह रुपये में व्यापार नहीं करेगा।रूपए का अंबार उसके काम का नहीं है। स्वाभाविक तौर पर इस खबर को दबा दिया गया। इस पर हल्ला नहीं हुआ। उलटे जनता को एक नया झुनझुना पकड़ा दिया गया है।लोगों को बताया जा रहा है कि अब वे दोहा और दुबई के हवाईअड्डों पर रुपये से शॉपिंग कर सकते हैं।

कुल मिलाकर रुपये की हैसियत, उसकी वैश्विक वेल्यू की पोल जगजाहिर है। ध्यान रहेरूस-यूक्रेन लड़ाई के बाद से भारत का रूस से आयात पांच गुना बढ़ा है। भारत की कुल खरीदारी 41.56 अरब डॉलर हो गयी है। मुख्य कारण रूस हमें सस्ते दामों पर कच्चा तेल बेच रहा है।यह खरीदी रूपए दे कर हुई। लेकिन रूस भारत की करेंसी से अपनी जरूरत का सामान नहीं खरीद सकता है। उसकी खरीद लिस्ट में भारत से खरीदने लायक बहुत कम है। उसके लिए यह भी संभव नहीं है कि वह भारत के रूपए को दूसरे देशों को दे कर उनसे सामान खरीदें। भारत की करेंसी को कौन लेगा? रूपए को बेच कर डालर या किसी अन्य वैश्विक करेंसी कनवर्ट करना या भारत से डालर में पेमेंट लेना इसलिए मुश्किल है क्योंकि रूस पर पाबंदी है अमेरिका केंद्रीत बैंक स्विफ्ट मैसेजिंग सिस्टम के उपयोग पर।

अमरीका-योरोप की पाबंदियों से डॉलर उसकी पहुँच से बाहर है। ऐसी ही समस्या सन 2019 में भारत को ईरान से व्यापार में आई थी। अमरीका के तब ईरान पर प्रतिबन्ध थे। उस समय भारत और ईरान ने सिंगापुर के जरिये व्यापार करने का रास्ता निकाला था। इस कारण ईरान को रूस के तरह रुपए के विशाल ढेर की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा था।

पिछले एक वर्ष से भारत की रिफाइनरियाँ, यूएई के दिरहम, रूसी रूबल और ढेर सारे रुपयों में रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहीं हैं।सो रूस के पास रुपये ही रुपये हैं लेकिन अब वे किसी काम के नहीं है। कारण यह कि दावों के विपरीत, रूपया न तो ग्लोबल करेंसी था और ना है। अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में रूपया पूर्ण परिवर्तनीय मुद्रा नहीं है।असलियत है कि सामानों के कुल वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा केवल दो प्रतिशत है। तभी अन्य देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार में रुपया रखने के लिए बहुत आतुर नहीं रहते। भारत के पास ऐसी कोई चीज़ भी नहीं है जिसे खरीद कर रूस अपने रुपये के भण्डार से छुटकारा पा सके।

तो अब आगे क्या होगा? चार मई को रायटर्स की एक रिपोर्ट में दो सरकारी अधिकारियों और एक सोर्स के हवाले बताया गया है कि भारत और रूस ने आपसी व्यापारिक सौदों का रुपये में निपटारा करना बंद कर दिया है। सस्ते तेल के चक्कर में भारत का रूस से तेल का आयात 12 गुना बढ़ा है। भारत की कच्चे तेल की खरीद में रूस का हिस्सा 27 प्रतिशत हो गया है। युद्ध के पहले यह 2 प्रतिशत था। इसके विपरीत, भारत से रूस को निर्यात नाममात्र का है। भारत पर रूस का 2 अरब डॉलर का कर्ज है। रूसी हथियारों को भारत खरीद तो रहा है परन्तु इसका भुगतान न तो डॉलर में किया जा सकता है और ना रुपये में। रूस चाहता है कि भारत चीनी करेंसी युआन या अन्य किसी मुद्रा में भुगतान करे।

सो अब रूस से सस्ता तेल और ईंधन खरीदने वाले भारतीय आयातकों कीमुश्किले बननी है।सब गलतफहमी में थे कि रुपये में रूस को भुगतान स्थाई रूप से चलता रहेगा। दूसरी करेंसी खरीदने पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। लब्बोलुआब यह कि यदि यह समस्या जल्दी नहीं सुलझी तो भारत को भविष्य में तेल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह बात अलग है कि लोगों को भले इसकी चिंता न हो।

# कांग्रेस समझौते के मूड में नहीं है

कांग्रेस पार्टी विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए तैयार है लेकिन वह अपने हितों से समझौते के लिए तैयार नहीं है। वह कुछ राज्यों में अपने हिसाब से राजनीति कर रही है और वहां के क्षत्रप नेताओं से समझौता करने के मूड में नहीं है। इसमें दो राज्यों- दिल्ली और तेलंगाना का नाम खासतौर से लिया जा सकता है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस अकेले और आक्रामक राजनीति कर रही है, जो केंद्रीय संगठन की राजनीति से अलग है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जब सीबीआई का समन मिला तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनको फोन करके समर्थन जताया था लेकिन कांग्रेस के दूसरे नेता केजरीवाल पर लगातार हमला कर रहे हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने उप राज्यपाल को चिट्ठी लिख कर कहा है कि केजरीवाल ने अपने बंगले की साज सज्जा पर 45 करोड़ नहीं, बल्कि 171 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उप राज्यपाल ने इस चिट्ठी को जांच के लिए मुख्य सचिव के पास भेजा है। इसी तरह पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने फीडबैक यूनिट के जरिए नेताओं की जासूसी कराने के मामले में केजरीवाल के ऊपर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है।

दिल्ली की तरह ही तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के खिलाफ हमलावर है। कर्नाटक चुनाव के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने तेलंगाना जाकर एक बड़ी रैली की, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार को जम कर निशाना बनाया। प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी भी लगातार के चंद्रशेखर राव और उनकी सरकार के खिलाफ हमला किया था। प्रियंका ने तेलंगाना के गठन का श्रेय सोनिया गांधी को दिया और कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। इससे लग रहा है कि कांग्रेस राज्य में या तो तालमेल नहीं करेगी और अगर करेगी तो कम सीटों पर राजी नहीं होगी। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# नशा खोरी का अड्डा बन चुके हैं दून के पर्यटक स्थल!

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून के पर्यटन स्थलों की वास्तविक स्थिति क्या है यह तस्वीरे यह बताने के लिए काफी है। यहां अधिकतर पर्यटन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था तो राम भरोसे है ही साथ ही यहां नशा खोरो का चारो तरफ बोलबाला है। ऐसे में यहां दूर दराज से आये पर्यटक क्या संदेश लेकर जायेगें यह एक बड़ा सवाल है।



यूं तो राजधानी देहरादून के हर पर्यटक स्थल पर नशा खोरी आम बात है। लेकिन अपने परिवार के साथ आये पर्यटकों को यहां आये दिन लड़ाई झगड़ो का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इन पर्यटक स्थलों पर पुलिस मौजूद नहीं रहती है लेकिन इसके बावजूद यहां नशाखोरी अपने चरम पर रहती है। हालांकि इन पर्यटक स्थलों पर बड़े बड़े शब्दों में जरूर यह लिखा रहता है कि यहां नशा करना मना है बावजूद इसके यहां नशा खोरी सबसे अधिक पायी जाती है। प्रशासन को इस विषय में उचित संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि इन पर्यटक स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के साथ कोई अनहोनी न हो सके।

पिछले दिनों कैंट थाना क्षेत्र के एक पर्यटक स्थल पर कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति की शराब पिलाकर हत्या कर दी गयी थी। हालांकि पुलिस ने इस हत्या का खुलासा तो कर दिया था लेकिन बावजूद इसके पुलिस द्वारा इससे कोई सबक नहीं लिया गया। शायद पुलिस को भी किसी बड़ी अनहोनी होने का इंतजार है।

# जुड़ाव का दुःख

एक दिन नौकर किसना से साफ-सफ़ाई करते हुए सेठ सुखनंद की कलाई घड़ी गिरकर टूट गई। किसना सोचने लगा-सेठ जी को पता चलेगा तो नाराज़ होंगे। हो सकता है वेतन से पैसे काट लें या नौकरी से ही बाहर कर दें। फिर सोचा-नौकरी से निकाल देंगे तो कहीं और मिल जाएगी। यह सब सोचकर वह सेठ के पास गया और घड़ी उनके हाथ में रख दी। सेठ जी घड़ी देखकर थोड़ा नाराज़ होते हुए बोले-देखो किसना, ज़रा सावधानी से काम किया करो। यह मेरी प्रिय घड़ी थी। वैसे भी अगर यह न टूटती तो इस बार दिवाली पर यह घड़ी मैं तुम्हें देने ही वाला था।

यह सुनते ही किसना के मन में द्वंद्व शुरू हो गया। अब तक घड़ी टूटने का दुःख नहीं था। अब सेठ द्वारा उपहार में घड़ी दिए जाने की बात सुनकर किसना दुःख से भर गया क्योंकि अब उस घड़ी से उसको जुड़ाव महसूस होने लगा था। जीवन का सत्य भी यही है।

हमें दुःख किसी से जुड़ने पर ही होता है, वरना अनमोल वस्तुएं तो दुनिया में भरी पड़ी हैं।

## वैज्ञानिक संत निर्भय सागर महाराज ससंघ मंगल प्रवेश

संवाददाता

देहरादून। परम पूज्य वैज्ञानिक संत आचार्य 108 निर्भय सागर महाराज ससंघ देवभूमि उत्तराखण्ड की राजधानी में मंगल प्रवेश बैण्ड बाजों के साथ दिगम्बर जैन भवन में हुआ। आज यहां परम पूज्य वैज्ञानिक संत आचार्य 108 निर्भय सागर महाराज ससंघ देवभूमि उत्तराखंड राजधानी देहरादून में मंगल प्रवेश बैंड बाजों के साथ श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर जैन भवन गांधी रोड पर हुआ। सुबह से ही जैन धर्म अनुयायी कुआवाला स्थित गौशाला से महाराज श्री संग विहार करते हुए गुरुदेव की जयकार, जैन धर्म का उद्घोषणा करते हुए जैन मंदिर पहुचें मंगल प्रवेश की अगुवाई जैन समाज के महामंत्री राजेश जैन, जैन भवन के मंत्री संदीप जैन, प्रधान सुनील जैन,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अंकुर जैन, मंडल अध्यक्ष वीरेश् जैन, जैन मिलन पारस देहरादून से विपिन जैन, नितिन जैन, विवेक जैन गौरव जैन, पंकज जैन, सुकमाल जैन, राजीव जैन, प्रवीण जैन, विनय जैन, अशोक जैन, अनुज जैन, आयुष् जैन, संजय जैन,रवि जैन,रचना जैन, सीमि जैन, प्रिया जैन, सौरभ जैन एवं सेंकड़ों की संख्या में जैन समाज उपस्थित रहा।



## मोटरसाईकिल की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित नगर निवासी शिवम वाधवा अपनी स्कूटी से बाजार से घर की तरफ आ रहा था जब वह जीएमएस रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रही मोटरसाईकिल सवार ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराय गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मारपीट में एक दर्जन लोगों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढकरानी निवासी रिजवान ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले इसरान, वहीद, असलम, जाबिर, अमीर हसन, जाहिर हसन, ताहिर हसन, जहीदा, असीबप, इकबाल, महराज पत्नी इकबाल, फरीदा व साहिब उसके घर में घुस आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। हमलावरों ने उसके व उसके पुत्र व पत्नी के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बच्चे से दुष्कर्म में का आरोपी फरार

संवाददाता

देहरादून। आठ साल के बच्चे से दुष्कर्म में पुलिस ने मुकदम दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्नामुल्ला बिल्डिग निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका आठ साल का बेटा मस्जिद वाली गली में स्थित कास्मेटिक की दुकान चलाने वाले मौहम्मद कैफ की दुकान में गया था। उसने बताया कि वहां से आकर उसके बेटे ने उसको बताया मौहम्मद कैफ ने उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी।

## चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने मटक माजरी तिराहे के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 210 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सावेज पुत्र फईम निवासी कुंजा ग्रान्ट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दियां

## सर्वदलीय बैठक को कांग्रेस सेवादल ने दिया समर्थन



संवाददाता

देहरादून। गांधी पार्क में चल रही सर्वदलीय बैठक को कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने पहुंच अपना समर्थन दिया।

आज यहां गांधी पार्क देहरादून में सर्वदलीय बैठक को समर्थन देने के लिए नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल के साथियों ने भी धरने को समर्थन दिया। जिसमें अंकित हत्याकांड, किरण नेगी जैसे तमाम मुद्दे जो भाजपा सरकार के शासनकाल में हुए हैं उन मुद्दों को लेकर सभी कांग्रेस जन एकजुट होकर सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित किया। अंकिता हत्याकाण्ड, किरण नेगी महिला उत्पीडन के विरोध में सभी कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष सेवा दल हेमा पुरोहित के साथ प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा, महानगर अध्यक्ष सावित्री थापा, मीडिया प्रभारी विनीत गुप्ता, गोपाल सिंह गरिया, उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, रेखा धारिया, राजेश नौटियाल, दिनेश कांडपाल, सोहन सिंह रावत, अमित मौर्य, दिनेश चंदोला, मंजू चौहान, केशर जहा, समर जहा, लता सिंह बिट्टू रावत आदि सेवा दल के साथियों ने शिरकत की पूर्व मुख्य मंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार को ज्वलंत मुद्दों को गिनाया। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने उत्तराखंड सरकार को अंकिता हत्याकांड मामले मे सरकार को घेरा, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने विभिन्न मामलों मे सरकार से सवाल जवाब किए प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा की महिला विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी प्रदेश अध्यक्ष सेवा दल हेमा पुरोहित ने कहा कि अंकिता हत्याकांड उत्तराखंड की देव भूमि पर कलंक है। इस मौके पर महा नगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी, पूरण रावत, सर्व दलीय से समर भंडारी, इंद्रेश मैखुरी, प्रवक्ता गरिमा दसोनी, जिला अध्यक्ष कुंवर सजवान, मोहित, लक्ष्मी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सत्यापन अभियानः 57 लोगों के खिलाफ की गयी चालानी कार्यवाही



हमारे संवाददाता

नैनीताल। कानून व्यवस्था एंव अपराधिक प्रवृत्तियों पर नजर बनाये रखने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस द्वारा आज बाहरी व्यक्तियों व संदिग्धों के सम्बन्ध में सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसमें अनियमितता पाये जाने पर लोगों के पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गयी है।

जानकारी के अनुसार आज एसपी सिटी हल्द्वानी हरबंस सिंह के निर्देशन में सर्वप्रथम समस्त पुलिस टीम की ब्रीफिंग की गई तथा सीओ हल्द्वानी भूपेंद्र सिंह धोनी के पर्यवेक्षण में समय प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक हल्द्वानी शहर के थाना मुखानी क्षेत्र में थाना हल्द्वानी, काठगोदाम, मुखानी, बनभूलपुरा के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल द्वारा सुयंक्त टीम गठित कर बाहरी/संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में सत्यापन अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत अनियमितता पाए जाने पर 57 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गयी है।

## दून का सप्लायर ही पहाड़ों पर करवा रहा है स्मैक तस्करी, गुर्गा गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उत्तराकाशी। पहाड़ों पर हो रहे नशा तस्करी कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक नशा तस्कर को 9.50 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नशा तस्कर का कहना है कि वह दून के एक बड़े नशा तस्कर से स्मैक लाकर उसे पहाड़ों में सप्लाई किया करता है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली उत्तरकाशी व एसओजी टीम को सूचना मिली कि कुछ नशा तस्कर क्षेत्र में नशा तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान संयुक्त टीम को तिलोथ जाने वाले मार्ग पर पानी की टंकी के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति जाता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 9. 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम मयंक नैटियाल बताया। बताया कि वह देहरादून के एक मुख्य सप्लायर से स्मैक खरीदकर लाता है जिसको वह छोटी-छोटी मात्रा में पहाड़ों पर बेच देता है। बहरहाल पुलिस अब देहरादून के मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी हुई है। वहीं गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## राजकीय भूमि पर बनी अवैध मजार को ध्वस्त किया

संवाददाता

देहरादून। मसूरी पुलिस ने झडीपानी रोड पर राजकीय भूमि पर बनी अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया गया।

आज यहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत थाना मसूरी क्षेत्र अंतर्गत राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, नगर पालिका परिषद मसूरी की संयुक्त कार्यवाही में कोतवाली मसूरी क्षेत्रांतर्गत मसूरी राजपुर झड़ी



पानी रोड पर राजकीय भूमि में अवैध रूप से निर्मित मजार का ध्वस्तीकरण कर राजकीय भूमि को मुक्त कराया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, वन विभाग, पर्याप्त पुलिस बल मौके पर शांति कानून व्यवस्था ड्यूटी में मौजूद रहे। ध्वस्तीकरण में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रही।

## एक नजर


# बृजभूषण की गिरफ्तारी तक धरने से नहीं हटेंगे: विनेश फोगाट

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवान आसानी से हार मानने को तैयार नहीं हैं। धरने पर बैठी पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि जब तक बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक धरना खत्म नहीं होगा। बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं और उनके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक समाचार पत्र में लिखे अपने लेख में पहलवान विनेश फोगाट ने कहा, हमारी लड़ाई इंसाफ के लिए है। यह एक महीने से चल रही है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि जैसे हम जंतर-मंतर पर एक साल से हैं। ऐसा इसलिए नहीं कि हम गर्मी या रात में मच्छरों के काटने से परेशान हैं, बल्कि ऐसा इसलिए है कि क्योंकि न्याय मिलने की प्रक्रिया बेहद धीमी है। एक नाबालिग सहित 7 महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। जब हमने जनवरी में आवाज उठाई थी, तब विश्वास था कि हमें सुना जाएगा। खेल मंत्रालय ने जांच के लिए एक निरीक्षण समिति का गठन किया था, लेकिन यह एक छलावा था। हमने कभी नहीं सोचा था कि हमें महिला पहलवानों के सम्मान के लिए फिर से विरोध करना पड़ेगा। विनेश फोगाट ने आगे कहा, कई अन्य लड़कियों की तरह मुझे भी बृजभूषण शरण सिंह के कारण सालों तक सबकुछ चुपचाप सहना पड़ा। मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। हम जंतर मंतर से तब तक नहीं हटेंगे, जब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता।



# तिहाड़ जेल में कैदी ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में एक कैदी ने आत्महत्या कर ली है। जेल अधिकारियों के मुताबिक कैदी ने खुद को फांसी पर लटका कर अपनी जान दे दी है। मृतक दोषी की पहचान जावेद के रूप में हुई है। जावेद साल 2016 में दिल्ली के मालवीय नगर में लूट के एक मामले में जेल में बंद था। इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उसे दोषी पाया था जिसके बाद उसे सजा हुआ थी। अधिकारियों के मुताबिक, 26 वर्षीय दोषी को जेल संख्या 8-9 में बंद किया गया था। जावेद ने सोमवार को करीब पांच बजे के करीब कैदियों के बाड़े के आम शौचालय क्षेत्र में फांसी लगाकर कथित तौर पर अपनी जान दे दी। उसके मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच चल रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। कैदी की मौत की सूचना पुलिस ने उसके परिजनों को दे दी है। तिहाड़ जेल में ये आत्महत्या की घटना ऐसे वक्त में हुई है जब अभी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या मामले में जांच चल रही है। दिल्ली के रोहिणी कोर्ट शूटआउट मामले के एक आरोपी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया को 2 मई को तिहाड़ जेल में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों द्वारा मार दिया गया था।



# इंफाल के पूर्व जिले में तनाव बरकरार, लोगों से घरों में ही रहने की अपील

इंफाल। मणिपुर में सोमवार को भड़की हिंसा की वजह से इंफाल के पूर्व जिले में तनाव बरकरार है। यहां के न्यू चेकोन इलाके में व्यावसायिक प्रतिष्ठान मंगलवार सुबह बंद रहे और सुरक्षाकर्मियों ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की। इस जिले में एक पूर्व विधायक समेत हथियारबंद चार लोगों ने सोमवार को लोगों को अपनी दुकानें बंद करने के लिए बाध्य किया, जिसके बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी थी। मणिपुर में अब तक हुई जातीय हिंसा में 73 लोगों की जान चली गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। 3.6 मिलियन लोगों के छोटे से राज्य में फिर से पलायन शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी संख्या में कुकी जनजाति के लोग घाटी क्षेत्रों में अपना घर छोड़ रहे हैं, जबकि मेतैई समुदाय के सदस्य पहाड़ियों को छोड़ रहे हैं। मणिपुर इंटेग्रिटी पर समन्वय समिति के अनुसार, 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद से 7472 मैतेई पहाड़ी जिलों से इंफाल घाटी में चले गए हैं, जबकि 5200 कुकियों ने इंफाल और आसपास के इलाकों को छोड़ दिया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पूर्व जिले में फुखाओ और लेइतानपोकपी समेत कुछ जगहों पर लाइसेंसी बंदूकों से लैस स्थानीय लोग अस्थायी बंकर बनाकर किसी भी संभावित हमले के खिलाफ अपने इलाकों की रक्षा करते हुए पाए गए।



# सौगात: दिल्ली से दून के बीच दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन




विशेष संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने देवभूमि को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी है जो 25 मई से दिल्ली और देहरादून के बीच चलेगी। पीएम मोदी दिल्ली से वर्चुअल इसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इस ट्रेन का आज दून से दिल्ली तक ट्रायल रन किया गया जिसमें रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे।

निसंदेह यह उत्तराखंड और दून वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है कि अब वह दिल्ली से दून के आसान और सुविधाजनक सफर का आनंद ले सकेंगे। यह ट्रेन सिर्फ 4 घंटे में आपको दून से दिल्ली और दिल्ली से दून पहुंचा देगी। भले ही सामान्य ट्रेन से इसका किराया थोड़ा अधिक होगा लेकिन सुविधा भी बहुत होगी। आरामदायक रिवाल्विंग सीट फुल एयर कंडीशनर, इस ट्रेन में आपको खाने पीने से लेकर सेंसर डोर और नीट एंड क्लीन वॉश रूम आदि तमाम सुविधाएं मिलेंगी, जो एक फाइव स्टार होटल जैसा कंफर्ट आपको महसूस कराएगी।

ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी जिससे उन यात्रियों को विशेष फायदा होगा जो

**❑25 मई को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी**

**❑आज अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ ट्रायल रन**

डेली अप डाउन करना चाहेंगे। इस सफर में सिर्फ 4 घंटे का समय ही लगेगा जबकि आप हवाई सफर में भी इससे कम समय नहीं लगाते। जॉली ग्रांट तक आने-जाने वह फिर एयरपोर्ट की औपचारिकताएं पूरी करने तथा फिर दिल्ली में एयरपोर्ट से अपने गंतव्य तक पहुंचने में अब तक आपको चार-पांच घंटे से भी अधिक समय लग जाता था। लेकिन वंदे भारत ट्रेन आपको महज 4 घंटे में यह सफर तय कराएगी। 2024 से पूर्व प्रधानमंत्री अब तक कई राज्यों को वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे चुके हैं उत्तराखंड को भी उनके द्वारा जो वंदे भारत ट्रेन दी गई है वह 17वीं ट्रेन है।

उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में ऐसी ही एक ट्रेन कुमाऊं मंडल को भी मिल सकेगी।

# जी-20 के लिए पहुँचने लगे विदेशी मेहमान






संवाददाता

देहरादून। 24-25 मई को नरेन्द्र नगर में होने वाले जी-20 बैठक के लिए विदेशी मेहमानों ने आना शुरू कर दिया। पराम्परिक रूप से उनका स्वागत किया गया जहां पर छोलिया दल के साथ विदेशी मेहमानों ने भी जमकर नृत्य किया।

आज यहां नरेंद्रनगर में 24 व 25 मई को होने जा रही जी-20 बैठक के लिए विदेशी मेहमानों के पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज सुबह विदेशी डेलिगेट्स का एक ग्रुप जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुँचा जहां उनका पारंपरिक रूप से तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छोलिया नृत्य की पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों को देखकर डेलिगेट्स खुद को नहीं रोक पाए और महिलाओं के साथ ही पुरुष डेलिगेट्स ने भी उत्तराखंड के गीत-संगीत पर कलाकारों संग सुंदर नृत्य किया। सभी मेहमान एयरपोर्ट पर हुई मेहमाननवाजी से काफी खुश एवं अभिभूत नजर आए। इसके बाद इन सभी को नरेंद्रनगर में जहां जी-20 के मुख्य आयोजन हैं वहां ले जाया गया।




# अभिनेता अक्षय कुमार पहुंचे केदारधाम, की पूजा अर्चना

हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार आज केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने दर्शन कर बाबा केदार की पूजा अर्चना की साथ ही केदारनाथ क्षेत्र का भ्रमण भी किया। बता दें कि अक्षय कुमार अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए इन दिनों उत्तराखण्ड आए हुए हैं। आज वह सहस्त्रधारा हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। जहां उन्होने बाबा केदार के दर्शन कर पूजा अर्चना की। जिसके बाद उन्होने क्षेत्र का भ्रमण भी किया। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह शूटिंग के लिए बुधवार से दो दिन के लिए रुड़की जाएंगे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*